भारत सरकार
विदेश मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 903**

दिनांक 07.02.2025को उत्तर दिए जाने के लिए

**रूस-यूक्रेन युद्घ के मोर्चे पर फंसे भारतीय**

903. **थिरु दयानिधि मारनः**
**श्री सु.वेंकटेशनः**

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) रूस में युद्घ में शामिल होने के लिए विवश किए गए और "लापता व्यक्तियों" के रूप में वर्गीकृत किए गए लोगों के विशेष संदर्भ में, फंसे भारतीय नागरिकों की शीघ्र वापसी सुनिश्चित करने के लिए कौन-कौन से विशिष्ट कदम उठाए गए हैं;

(ख) रूस से शेष भारतीयों की सुरक्षित स्वदेश वापसी के संबंध में क्या आश्वासन या प्रतिबद्घता, यदि कोई हों, मिली हैं;

(ग) क्या रूसी अधिकारियों के साथ इन व्यक्तियों की रिहाई में तेजी लाने के लिए बातचीत संबंधी कोई हालिया अद्यतन जानकारी उपलब्ध है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या इस प्रयास में सहायता के लिए किसी अंतरराष्ट्रीय अभिकरण, मानव अधिकार क्षेत्र में काम करने वाले संगठन या खुफिया नेटवर्क को शामिल किया जा रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या रूसी सेना में बलपूर्वक शामिल किए गए भारतीयों की शीघ्र रिहाई सुनिश्चित करने के लिए कोई विधिक मार्ग खोजा गया है;

(च) यदि हां, तो क्या मंत्रालय इस संबंध में त्वरित कार्रवाई के लिए अंतरराष्ट्रीय मंचों या सहयोगियों की सहायता ले रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(छ) मंत्रालय किस प्रकार भारतीयों की मृत्यु के संबंध में मीडिया रिपोर्टों का सत्यापन और पुष्टि कर रहा है और उनके पार्थिव शवों को प्राप्त करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

**उत्तर**

**विदेश राज्य मंत्री**
**(श्री कीर्तवर्धन सिंह)**

(क) से (छ) सरकार ने लगातार उच्चतम स्तर सहित रूसी अधिकारियों के साथ रूसी सेना में भर्ती भारतीय नागरिकों का मामला उठाया है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, 18 भारतीय नागरिक रूसी सशस्त्र बलों में हैं, जिनमें से 16 रूसी पक्ष द्वारा लापता बताए गए हैं। भारत सरकार लापता व्यक्तियों का पता लगाने और उनकी सुरक्षा, कल्याण और शीघ्र छुट्टी सुनिश्चित करने के साथ-साथ छुट्टी दिए गए व्यक्तियों या किसी भी पार्थिव शरीर को भारत वापस लाने के लिए संबंधित रूसी अधिकारियों के साथ सीधे और नियमित संपर्क में है। तदनुसार, सरकार द्वारा इस प्रक्रिया में किसी तीसरे पक्ष या एजेंसियों की भागीदारी पर विचार नहीं किया गया है।

*****